आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

# गंगावतरणम
# GANGAVATARANAM

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

अप्रैल–जून, 2023

# संपादकीय



प्रिय पाठकों,

गंगावतरणम् के नवीन अंक 'अप्रैल–जून 2023' को आप सभी के समक्ष रखते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। यह गृह पत्रिका हमारी कॉरपोरेशन के महत्वपूर्ण समाचारों और गतिविधियों को साझा करने का एक माध्यम है, जिसमें इसका महत्वपूर्ण योगदान है – यह पत्रिका निगम को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। गंगावतरणम् का लक्ष्य हमेशा किसी न किसी उपलब्धि की गाथा रहा है। गृह पत्रिका के हर अंक द्वारा हम आप सभी को गत तिमाही आयोजित हुई गतिविधियों, जानकारियों और उपलब्धियों की एक अद्भुत यात्रा का हिस्सा बनाते हैं। इस अंक में कॉरपोरेशन से जुड़े हर समाचार और गतिविधि हमारे द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए गए हैं। हमारे संपादक मंडल का लक्ष्य होता है कि हम हर अंक को पिछले अंक के मुकाबले और रूचिकर और ज्ञानवर्धक बनाएं।

इस अंक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री के साथ बैठक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की मुख्य सचिव, केरल, डॉ. वी. पी. जॉय के साथ बैठक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा ब्रिक्स (BRICS) का अतिरिक्त कार्यभार संभालना, निदेशक(कार्मिक) और निदेशक(तकनीकी) द्वारा टीएचडीसी में पदभार ग्रहण करना, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की संसदीय स्थायी समिति द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का निरीक्षण, निदेशक(तकनीकी) द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का दौरा, टिहरी पीएसपी से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति, विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन, सार्वजनिक क्षेत्र दिवस के आयोजन आदि से जुड़े समाचारों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि यह जानकारियां आपको रोचक और ज्ञानवर्धक लगेंगी।

साथियों, जब तक आपके समक्ष यह पत्रिका आएगी, तब तक हम मासिक इलेक्ट्रॉनिक न्यूज़लेटर 'गंगावतरणम् एक नए अवतार में' के प्रकाशन की ओर कदम बढ़ा चुके होंगे। हमारे संपादक मण्डल ने गंगावतरणम् को एक नए और उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत करने के लिए मासिक इलेक्ट्रॉनिक न्यूज़लेटर के रूप में पुनर्निर्माण किया है। अब प्रत्येक माह कॉरपोरेशन से जुड़ी गतिविधियों और समाचारों के साथ नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का हर माह अवसर प्रदान किया जाएगा।

संपादक मण्डल इस पत्रिका को और अधिक ज्ञानवर्धक और मनोहर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और आगे भी रहेगा। इसी संदर्भ में आपकी राय और सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। आप अपने अमूल्य सुझाव हमें hj.thdc@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
**संपादक**


**मुख्य संरक्षक**
श्री राजीव विश्नोई
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
श्री शैलेंद्र सिंह
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
अपर महाप्रबंधक
(मानव संसाधन व जनसंपर्क)

**उप संपादक**
सुश्री काजल परमार
वरि. जनसंपर्क अधिकारी

**विशिष्ट सहयोग**
श्री शिवराज चौहान
उप महाप्रबंधक (प्रापण ऋषिकेश)

श्री पंकज कुमार शर्मा
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
श्री ईशान भूषण
वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी

**समन्वयक**

**टिहरी**
श्री मनवीर नेगी
प्रबंधक (ज.सं.)

**कोटेश्वर**
श्री आर.डी. ममगाई
उप प्रबंधक (ज.सं.)

**कौशाम्बी**
श्री बी.एस. चौहान
वरिष्ठ ज. सं. अधिकारी

**पीपलकोटी**
श्री यतवीर सिंह चौहान
उप प्रबंधक (ज.सं.)

**खुर्जा**
श्री वडलकोंडा
श्री तेजा
वरिष्ठ मा. सं. अधिकारी

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



प्रिय साथियों,

सर्वप्रथम मैं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 36वें स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई संप्रेषित करता हूं। निगम के निदेशक (कार्मिक) के रूप में हमारी गृह पत्रिका ''गंगावतरणम्'' के द्वारा आप सभी से यह मेरा पहला व्यक्तिगत संवाद है।

यह स्थापना दिवस हम सभी के लिए विशेष रहा। यह बहुत हर्ष का विषय है कि ''नमन'' और ''गौरव'' सम्मान से हमने हमारे पूर्व निदेशक मण्डल और कार्यपालक निदेशक जिनका निगम की सफलता में अमूल्य योगदान रहा है, इस स्थापना दिवस के सुअवसर पर उन्हें सम्मानित किया।

साथियों, 35 वर्ष पूर्व 12 जुलाई 1988 को एक सफर शुरू हुआ, जब हमारे निगम की स्थापना की गई और विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मानकों को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया। हमने एक ऐसे प्रोजेक्ट का निर्माण किया है जिससे आज विश्व के सबसे ऊंचे डैम में हमारा नाम शामिल है, और यहां से हम नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि हमारे आदरणीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय, श्री आर. के. विश्नोई, के विशाल दृष्टिकोण,कुशल नेतृत्व और सकारात्मक विचारों के परिणामस्वरुप ही हम नित नए आयामों को छू रहे हैं और विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नए अध्याय जोड़ रहे हैं।

साथियों वर्तमान समय में व्यावसायिक वातावरण (Business Environment) अत्यधिक dynamic, challenging एवं प्रतिस्पर्धापूर्ण हो चुका है। इस निरंतर बदलते विद्युत परिवेश में निगम को ओर अधिक गति से व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे बढ़ना होगा।

यह हम सभी के लिए अति गर्व का विषय है कि हमारे प्रिय आदरणीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय अपने दूरगामी नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन से टीएचडीसी को stability प्रदान कर रहे हैं। मैं आप सभी को यह आश्वासन दिलाना चाहता हूँ कि इस कंपनी का भविष्य बहुत ही मजबूत हाथों में है क्योंकि THDC management आपकी कंपनी को मजबूत उद्देश्य से संचालित करने और वास्तव में भविष्य के लिए तैयार करने में हर संभव प्रयास कर रहा है।

साथियों आपकी management का रवैया कर्मचारियों के हित को प्राथमिकता देना है और यह आपकी management का ही नेतृव है जिसके चलते सभी कर्मचारियों को best employee friendly initiatives उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि हमारी सरकार की नई नीतियों और पहलों का प्रभाव पूरे देश के विद्युत क्षेत्र पर पड़ रहा है और हम विद्युत क्षेत्र का एक उपक्रम होने के नाते इससे अछूते नहीं हैं। हमारा संकल्प इस बदलते विद्युत परिवेश में अन्य उपक्रमों से श्रेष्ठ होना है और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमें मेहनत और दृढ़ता से आने वाली चुनौतियों का सामना करना होगा जिससे हम निगम को श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान देंगे।

साथियों, मैं टीएचडीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं और सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को बताना चाहता हूं कि आपकी अटूट प्रतिबद्धताएं व्यावसायिकता और जुनून ने निगम की सफलता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आप सभी हमारे संगठन के स्तम्भ हैं, और यह आपका सामूहिक प्रयास और टीम वर्क है जो हमें हमारे सभी प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

इस संदर्भ में स्वामी विवेकानंद जी के यह शब्द तर्कसंगत लगते हैं:–

'जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।'

वर्षों से, टीएचडीसी ने देश की समृद्धि और विकास में योगदान देते हुए विद्युत क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं । यह आप सभी के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड विद्युत क्षेत्र में एक अग्रणी कम्पनी के रूप में उभरी है।

मैं हमारी सरकार, शेयरधारकों, हितधारकों और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, सभी के प्रति उनके अटूट विश्वास, सहयोग और साझेदारी के लिए उनकी सराहना करता हूं जिनके सकारात्मक सहयोग से हम विकास के पथ पर अग्रसर हैं।

मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि THDC परिवार का हिस्सा होने पर आप गर्व महसूस करें और हमारे साझा दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहें । आइये, एकजुट होकर निगम को अपार उन्नति और विकास के पथ पर ले जाने के लिए हम आपसी सहयोग, समावेशिता और निरंतर सीखने की जो हमारी संस्कृति है, उसे बढ़ावा दें। मैं मानता हूँ कि सहयोग की संस्कृति हमें समृद्धता की ओर ले जाती है, समावेशिता हमें विविधता के साथ संगठित करती है और निरंतर सीखने की संस्कृति हमें उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करती है।

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि हमें उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए और निरंतर प्रशिक्षण और समर्पण के माध्यम से हमें अपनी परिचालन क्षमता को स्थायी रूप से बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस निगम की सफलता आपके सामूहिक प्रयासों का एक प्रमाण है, और मुझे विश्वास है कि हम अपने अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के प्रभावी नेतृत्व में आने वाले वर्षों में और भी अधिक ऊंचाइयों और सफलताओं को हासिल करेंगे।

**'सपने वो नहीं होते जो आप सोने के बाद देखते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते'।. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

स्वस्थ रहें.... सुरक्षित रहें....

जय हिंद !

(शैलेन्द्र सिंह)
निदेशक (कार्मिक)



# 36वें स्थापना दिवस

## के अवसर पर

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

**प्रिय देवियों, सज्जनों और बच्चों**

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 36वें स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर मैं आप व आपके परिवारजनों को बधाई देता हूँ तथा आभार व्यक्त करता हूँ क्योंकि परिवार के सहयोग तथा त्याग के बिना अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति आपका समर्पण और निर्बाध सहयोग संभव नहीं हो सकता था।

- विगत 35 वर्षों में टीएचडीसी ने अनगिनत उतार चढाव देखे हैं। कम्पनी ने भीषण संघर्षों तथा चुनौतियों के दौर को भी जिया है और शानदार सफलताओं तथा उपलब्धियों की आभा भी देखी है।
- 35 वर्ष पूर्व रोपा गया एक छोटा सा पौधा आज एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है।
- टिहरी जल विद्युत परियोजना के दक्षतापूर्ण कार्यान्वयन के उद्देश्य से बनाई गयी यह कम्पनी आज न केवल हाइड्रोपावर के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है बल्कि Thermal Power, Solar Energy और Wind Energy के क्षेत्र में सुदृढ़ पहचान बना रही है।
- Tehri PSP, जिसकी commissioning मौजूदा वर्ष में करने के लिए हम वचनबद्ध हैं, THDC की विकास यात्रा में एक नए युग का सूत्रपात करेगा। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को साहस तथा लगन के साथ पूर्णता तक पंहुचाने के लिए, टीम पीएसपी निश्चय ही बधाई की पात्र है।
- 1320 MW की Khurja Super Thermal Power Project के निर्माण का कार्य भी निर्धारित लक्ष्य से आगे चल रहा है तथा मुझे यह जानकारी साझा करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि आगामी फरवरी 2024 में इस परियोजना से विद्युत उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए मैं टीम खुर्जा को साधुवाद तथा बधाई देता हूं।
- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को जनवरी–2017 में अमेलिया कोयला खदान का आबंटन किया गया था जिससे कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में टीएचडीसीआईएल के खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की कोयला आवश्यकता को पूरा किया जा सके। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में टीएचडीसी अमेलिया कोयला खदान, देवग्राम रेलवे साइडिंग से कोयले की पहली खेप को 29 जून को हरी झंडी दिखाकर रवाना



दयालु शब्द बोलने में छोटे और आसान हो सकते हैं, लेकिन उनकी गूँज वास्तव में अनंत है। –मदर टेरेसा

किया, यह टीएचडीसीआईएल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह बिजली परियोजनाओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेलिया कोयला खदान परियोजना से कोयला परिवहन की सफल शुरुआत है। अमेलिया कोयला खदान का वाणिज्यिक प्रचालन निर्धारित समय से छह महीने पहले शुरू हो गया है जो कि एक विशिष्ट उपलब्धि है जिसके लिए मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूँ।

- अनेक चुनौतियों को पार करते हुए विष्णुगाड पीपलकोटी परियोजना का कार्य भी अब पूर्णतः नियंत्रण में है तथा अब इस परियोजना को पुनर्निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना हमारा दायित्व है।
- मार्च 2023 में समाप्त हुए वित्त वर्ष में कम्पनी ने 4,935 MU बिजली का उत्पादन कर, एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
- हमेशा की तरह हमारी टिहरी तथा कोटेश्वर परियोजनाओं ने डिज़ाइन ऊर्जा तथा PAF के निर्धारित लक्ष्यों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।
- ढुकवाँ लघु विद्युत परियोजना तथा कासरगोड सौर ऊर्जा संयंत्र ने भी विगत वर्ष में रिकार्ड बिजली का उत्पादन किया है।

**व्यक्तिगत रूप से मैं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की इस पूरी यात्रा का साक्षी भी रहा हूँ और इसमें भागीदार भी। आज इस शीर्ष पद से आपको संबोधित करते हुए मैं गौरवान्वित महसूस करता हूं तथा टीएचडीसी के प्रति कृतज्ञ हूँ।**

वर्तमान में जब भारत को जी 20 देशों का नेतृत्व करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है, तब अंतर्राष्ट्रीय जगत में हमारे देश का एक विशिष्ट स्थान बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक विषयों पर हमारी सोच, प्रतिबद्धता तथा इस दिशा में हमारे द्वारा की जाने वाली पहल पर सारी दुनिया की निगाह है। ऐसे में पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार तथा माननीय प्रधानमंत्री इस ओर पूरी तरह कटिबद्ध हैं तथा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्रोतों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। अक्षय ऊर्जा के सफल तथा दक्षतापूर्ण निष्पादन में पीएसपी परियोजनाओं का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार ने पीएसपी के विकास को अभियान के रूप में प्रतिपादित किया है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड भी इस सम्बन्ध में अपने उत्तरदायित्व को भली भांति आत्मसात करते हुए, इस दिशा में गतिशील है। देश में अक्षय ऊर्जा तथा पीएसपी के विकास में THDC सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्था के रूप में उभरी है ।

- हाल ही में हमने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड के मध्य एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है जो राजस्थान में 10,000 मे.वा. अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्कों के विकास करने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा।
- इसी के साथ TUSCO के माध्यम से झांसी और ललितपुर में 600 MW, और चित्रकूट में 800 MW क्षमता के Solar Parks विकसित करने का कार्य प्रगति पर है।
- महाराष्ट्र तथा केरल में हमने पीएसपी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।
- केरल राज्य के साथ पीएसपी के विकास से संबंधित एक समझौता ज्ञापन भी निष्पादित किया गया है।
- उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसमें पारम्परिक जलविद्युत परियोजनाओं के साथ–साथ पीएसपी का निर्माण भी शामिल है।
- अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निगम द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम है तथा इससे देश के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान मिलेगा, यह हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है। कॉरपोरेशन भारत सरकार के स्वच्छ ऊर्जा अभियान में 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने के लक्ष्य में अपना संपूर्ण योगदान दे रहा है।

**35 वर्ष की यात्रा पूर्ण होने का यह पड़ाव एक महत्वपूर्ण अवसर है जब कंपनी की ऐतिहासिक यात्रा से सीख लेते हुए हमें आगे आने वाले समय के लिए कंपनी के विकास की दिशा निर्धारित करनी होगी। हमें नहीं भूलना चाहिए कि प्रत्येक उपलब्धि के साथ**

**एक उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। प्रत्येक अवसर एक चुनौती के साथ बंधा हुआ होता है।**

- आपको भली भांति ज्ञात है कि बीते एक वर्ष में कंपनी की छवि तथा प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण बदलाव आया है।
- आज टीएचडीसी की पहचान हाइड्रो क्षेत्र की एक विशेषज्ञ संस्था के रूप में है।
- आज टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऊर्जा क्षेत्र की एक स्टार कम्पनी के रूप में प्रतिष्ठित है ।
- ऊर्जा क्षेत्र में किसी भी चुनौती के समय ऊर्जा मंत्रालय और ऊर्जा क्षेत्र के संस्थान हमारी ओर आशा भरी दृष्टि से देखते हैं।
- ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिष्ठान और अन्य CPSUs के मध्य टीएचडीसी तकनीकी रूप से सक्षम कम्पनी के रूप में चिन्हित है।
- यहाँ तक कि देश की ऊर्जा नीति के निर्धारण में टीएचडीसी के अभिमत को महत्व दिया जाता है।
- किसी नई पहल या नयी योजना के क्रियान्वयन में THDC को प्राथमिकता दी जाती है।
- एक प्रतिष्ठान के रूप में टीएचडीसी का यह रूपांतरण, साकार हो रहा है। इस ट्रांसफॉर्मेशन को महसूस किया जा सकता है और इसका अहसास अप्रतिम है – अभूतपूर्व है।

**इसी सुखद अहसास के साथ कंपनी के लिए, मेरे लिए और आप सबके लिए नई चुनौतियों की शुरुआत होती है।**

- चुनौती है, इस प्रतिष्ठा को बनाए रखने की।
- चुनौती है, प्रतिष्ठा के अनुरूप परिणाम देने की।
- चुनौती है, वह सब कर दिखाने की, जिसकी हमसे अपेक्षा की जा रही है।
- जो आशा इस कंपनी ने जगाई है, जो विश्वास इस कंपनी ने अर्जित किया है, उसको बनाए रखना और उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि करना चुनौती है।
- SUSTAINABILITY इस पूरे अभियान का मूल मन्त्र है।
- यही समय है जब हमें पूरी प्रतिबद्धता के साथ, पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जुट जाना है।
- याद रहे, इस फेज में 99% पर्याप्त नही है। हमें अपनी 100% सामर्थ्य प्रदर्शित करनी है, और इसके अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है।
- साथियों, एक सुनहरा भविष्य आपका स्वागत करने को तत्पर है। उस स्वर्णिम अवसर की आभा क्षितिज पर उभरने लगी है, परन्तु वहां तक पहुंचने का पुरुषार्थ हमें प्रदर्शित करना है।
- टीएचडीसी ने अपनी यात्रा में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। टिहरी जैसी विराट परियोजना को परिपूर्ण करने का गौरवपूर्ण इतिहास हमारी प्रेरणा है और हमारे आत्मविश्वास का स्रोत भी है।
- अब टिहरी परियोजना के आँचल की छाया से बाहर निकलने का समय है।
- अब समय है, वास्तविकता के धरातल पर फिर से कदम बढ़ाने का।
- अब समय है, उसी जोश को, उसी जज़्बे को, उसी dedication को और उसी commitment को फिर से जीने का जो हमने टिहरी परियोजना के निर्माण में कर दिखाया था।
- टिहरी बांध आपके जीवन की एक महान उपलब्धि है और उसके लिए तालियां बजाने का काम बाहरी दुनिया को करने दीजिये। आपको अगले शानदार पड़ाव की ओर बढ़ना है, केवल बढ़ना नहीं – दौड़ना है।
- एक भव्य और आलीशान अवसर आपके सम्मुख है।
- एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य आपके सामने है।
- THDC की एक नई पहचान स्थापित करने का लक्ष्य – देश की एकीकृत ऊर्जा कम्पनी – Integrated Power Utility Company का दर्जा हासिल करने का अवसर – और आप इस महान अवसर की दहलीज पर खड़े हैं।
- यह प्रश्न उठना ही नहीं चाहिए कि यह लक्ष्य कितना बड़ा है।
- केवल एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि हम मिलकर इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं –Together We Can !!

- आवश्यकता है, पूरे मनोयोग के साथ कार्य करने की।
- आवश्यकता है, एक भव्य सोच प्रणाली को विकसित करने की।
- रोज़मर्रा के मामूली मुद्दों से ऊपर उठना होगा।
- व्यक्तिगत हितों को त्यागना होगा।
- किसी से मुकाबला करने या किसी से स्वयं की तुलना करने की भावना को तिलांजलि देनी होगी।
- आपका मुकाबला केवल स्वयं से है और आपको हर दिन यह मुकाबला जीतना है।
- आपका ध्यान केवल कम्पनी के लक्ष्य पर होना चाहिए।
- इस लक्ष्य को हासिल करने के अनुष्ठान में आपमें से प्रत्येक का एक रोल है – और वह रोल महत्वपूर्ण है।
- याद रहे कोई व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है – THDC महत्वपूर्ण है।
- No person is important – THDC is Important.
- Underline it – No person is important – THDC is important.
- THDC सुप्रीम है, THDC की यात्रा , THDC के उद्देश्य और THDC के लक्ष्य सुप्रीम हैं।
- कंपनी की इस विकास यात्रा की रणनीति स्पष्ट है – इस यात्रा में आपका प्रदर्शन, आपका योगदान सर्वोत्तम होना चाहिए – सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए; सर्वश्रेष्ठ से कम कुछ भी स्वीकार्य नही है।
- सर्वश्रेष्ठ का यह संकल्प अभी – इसी क्षण लेना होगा क्योंकि मेगा लक्ष्य की ओर कम्पनी के कदम बढ़ चले हैं।
- याद रखिये, महान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ठोस शुरुआत और निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन महत्वपूर्ण है।
- शुरुआत हो चुकी है – अब समय है आपके सर्वोत्तम प्रदर्शन का और सर्वश्रेष्ठ योगदान का।
- You have to consistently give your best and if the best is not commensurate with the requirement then I will demand better than the best.
- मैं आपसे सर्वश्रेष्ठ से भी बेहतर प्रदर्शन का आह्वान करता हूँ।
- इस लक्ष्य की प्राप्ति में कोई बाधा स्वीकार्य नहीं है – कोई शिथिलता स्वीकार्य नही है।

**इस महान अभियान में मैनेजमेंट का भी महत्वपूर्ण योगदान है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि कंपनी प्रबंधन आपके हितों के प्रति सजग है और आपके करिअर विकास से लेकर व्यक्तिगत तथा पारिवारिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों तक कोई भी विषय मैनेजमेंट की दृष्टि से बचा नहीं है।**

मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आपको इन विषयों पर और संसाधनों की उपलब्धता के विषयों पर सोच विचार करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

मैनेजमेंट आपके हितों की रक्षा के लिए और आपके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है।

आपको तत्पर रहना है, कंपनी के सर्वांगीण विकास के लिए।

साथियों, प्रतिभा और ऊर्जा से परिपूर्ण अपनी टीम को देखते हुए मुझे इस नई यात्रा में टीएचडीसी की सफलता स्पष्ट नज़र आती है।

मैं THDC के इस नए अवतार के लिए आपको अग्रिम बधाई देता हूँ।

धन्यवाद, नमस्कार , जय हिन्द !

राजीव विश्नोई

**(राजीव विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

◆◆◆



*Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director called on Hon'ble Prime Minister of Nepal, Sh. Pushpa Kamal Dahal at Kathmandu (Nepal), regarding the development of hydro projects in Nepal on 19th April 2023.*

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director called on Chief Secretary of the Government of Kerala, Dr. V. P. Joy, (IAS) to explore the potential of Pumped Storage Plants (PSPs) in the state on 17th May 2023. Pumped Storage Plants, known for their ability to store surplus electricity generated from renewable sources during off-peak periods, offer a promising solution for grid stabilization and ensuring a consistent power supply during peak demand. The meeting aimed to explore the potential of PSPs in Kerala for a sustainable and resilient energy future.



# जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की संसदीय स्थायी समिति (जल संसाधन) द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का निरीक्षण

08 मई 2023 को जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की संसदीय स्थायी समिति (जल संसाधन) के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा टिहरी बाँध परियोजना का निरीक्षण व बैठक की गयी। इस अवसर समिति के माननीय सांसद एवं अध्यक्ष, श्री प्रभातभाई सावभाई पटेल एवं अन्य सदस्यों का श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा स्वागत किया गय। इस अवसर पर श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त), टीएचडीसी और डॉ. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी टिहरी–गढ़वाल भी उपस्थित रहे। टिहरी बाँध एवं पावर हाउस के निरीक्षण के दौरान समिति के माननीय अध्यक्ष एवं संसद सदस्यों जिनमें श्री किरोड़ीलाल मीणा, सांसद राज्य सभा, श्री प्रताप चंद्र सारंगी, माननीय सांसद लोक सभा, श्री विजय बघेल, माननीय सांसद लोक सभाए श्री गुमान सिंह डामोर, माननीय सांसद लोक सभा, श्री अनिल प्रसाद हेगड़े, माननीय सांसद राज्य सभा, श्री पी. रविन्द्र नाथ माननीय सांसद लोक सभा, श्री निहालचंद चौहान माननीय सांसद लोक सभा शामिल थे, को श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी काम्पलैक्स) द्वारा बाँध निर्माण, विद्युत उत्पादन, अनुरक्षण, जल प्रबन्धन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। बाँध एवं पावर हाउस के भ्रमण के पश्चात अतिथिगृह के सभागार में समिति के माननीय अध्यक्ष, श्री प्रभातभाई सावभाई पटेल की अध्यक्षता में जल संसाधन एवं जल प्रबंधन पर बैठक की गई। बैठक में संसद सचिवालय, केंद्रीय जल आयोग और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## टिहरी बाँध परियोजना के निरीक्षण व बैठक की कुछ झलकियां







# माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने किया टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय एवं टिहरी यूनिट का राजभाषा निरीक्षण




कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश की समीक्षा का दृश्य

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश और यूनिट कार्यालय, टिहरी का 25 मई, 2022 को राजभाषा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति की संयोजक, प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा, उपसमिति की सदस्य, श्रीमती संगीता यादव, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा एवं श्रीमती रंजन बेन भट्ट, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा ने कारपोरेट कार्यालय और टिहरी यूनिट में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की और निगम में राजभाषा विषयक कार्यो में कारपोरेट कार्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव विश्नोई को समिति के प्रतिवेदन के पहले नौ खण्ड़ों पर किए गए महामहिम राष्ट्रपति जी के आदेशों का संकलन एवं निरीक्षण में सहयोग संबंधी पत्र सौंपा। इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव (हाइड्रो), मौ. अफजल एवं सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री अनिल कुमार तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (वित्त), श्री जे.बेहेरा, टिहरी यूनिट कार्यालय के कार्यपालक निदेशक, श्री एल.पी.जोशी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री वीर सिंह, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री अमर नाथ त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.), श्री ईश्वरदत्त तिग्गा, प्रबंधक (राजभाषा), श्री इन्द्र राम नेगी एवं उप प्रबंधक(राजभाषा), श्री पंकज कुमार शर्मा उपस्थित थे।



टिहरी यूनिट में राजभाषा कार्यान्वियन की समीक्षा का दृश्य





दयालु शब्द बोलने में छोटे और आसान हो सकते हैं, लेकिन उनकी गूँज वास्तव में अनंत है। –मदर टेरेसा

# Sh. R. K. Vishnoi, CMD takes over as Chairman of BRICS Chamber of Commerce and Industry



Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director achieved another milestone by taking over the responsibility of Chairman of BRICS Chamber of Commerce and Industry. His exceptional entrepreneurial skills, unwavering commitment, and remarkable leadership qualities have lead him to this well-deserved achievement.

The BRICS Chamber of Commerce and Industry is an umbrella organization that aims to promote commerce and industry in BRICS nations. Established in 2012 by a group of distinguished professionals and entrepreneurs, it is not-for-profit, non-governmental organization and is registered under the Societies Registration Act 1860 of Government of India, and is also empaneled with NITI Aayog. Moreover, it is recognized by the United Nations.


Sh. R. K. Vishnoi, is currently holding the additional responsibility of Chairman and Managing Director of NHPC and NEEPCO. He is a renowned Engineer in Power Sector in India as well as in Global arena and has a wide ranging international exposure. He is the President of Indian Committee of International Commission of Large Dams (INCOLD) and also represents India in ICOLD for Seismic Technical Committee. He is also a member of World Bank Expert Group.




# Director(Finance) launched a "New Commercial Module"



A "New Commercial Module" was launched on 01st May 2023 by Sh. J. Behera, Director (Finance) at Corporate Office, Rishikesh in the august presence of Sh. A. B. Goel, ED (Finance), Sh. Rajesh Sharma, GM (Commercial), Sh. Girish Dwivedi (IWS) and officials of the Finance and Commercial department. This fully integrated module with the existing FMS web-based module has minimized human interventions. It has facilitated the efficient working of the Commercial and Finance departments. It also supported the company's corporate strategic decision to centralize the functions of the commercial and finance departments.



# Welcome Ceremony for newly Joined Directors of THDCIL



In the esteemed presence of the Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director and Sh. J. Behera Director(Finance) a warm welcome was extended to the newly joined Directors of THDC India Limited, i.e., Sh. Shallinder Singh, Director(Personnel) and Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical) at the Corporate Office, Rishikesh on 12 June 2023. A ceremony was organized on this occasion which was attended by Executive Directors, Chief General Managers, HoDs, and other employees of the corporation.

During the ceremony, Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director addressed the gathering and expressed his happiness over the joining of the new Directors to the THDC family. He emphasized that THDC has evolved into more than just an organization, it has become a prominent force in the power sector. With the inclusion of the newly appointed Directors, he confidently anticipates that THDC will achieve remarkable heights in the future.

Sh. J. Behera, Director(Finance), extended a warm welcome to Director (Personnel) and Director(Technical), highlighting that the expertise of both directors will benefit immensely in the growth trajectory of the organization. Together, the organization will continue to strive for excellence.

In his address during the occasion, Sh. Shallinder Singh, Director(Personnel), expressed his enthusiasm for joining THDC India Limited. Sh. Singh emphasized the importance of teamwork in propelling the corporation towards diversifying dimensions within the power sector.

Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical), conveyed his enthusiasm for working with the experienced team at THDCIL and acknowledged the growth of the organization as a key entity in the power sector of the country, and emphasized the significance of collaboration and innovation in driving the continued excellence of THDCIL.

Sh. Veer Singh, CGM(HR &A), delivered the welcome address during the occasion and extended his warm wishes to the newly appointed Directors.

# निगम के नए निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह



श्री शैलेंद्र सिंह ने 06 जून, 2023 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) का कार्यभार संभाला। इससे पहले वे भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एसजेवीएन, मिनी रत्न अनुसूची 'ए' पीएसयू के कारपोरेट कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) के पद पर आसीन थे। उनका चयन लोक उद्यम चयन बोर्ड, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया।

श्री शैलेंद्र सिंह का जन्म 19 अगस्त, 1965 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में हुआ और श्री सिंह ने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला के प्रतिष्ठित सेंट एडवर्ड स्कूल से प्राप्त की। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज, शिमला से अंग्रेजी (ऑनर्स) में स्नातक किया और कॉलेज के टॉपर रहे। श्री सिंह ने 1989 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की।

श्री शैलेंद्र सिंह ने एसजेवीएनएल में 1992 में कार्यकारी प्रशिक्षुओं के पहले बैच से अपना करियर शुरू किया। उनके पास मानव संसाधन के सभी क्षेत्रों में 30 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव है और उन्होंने कॉरपोरेट कार्यालय के साथ–साथ एक ही समय पर दो प्रमुख हाइड्रो पावर स्टेशनों 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस और 412 मेगावाट आरएचपीएस के एचआर प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनके पास एमिटी, न्यूयॉर्क (यूएसए) में आयोजित ग्लोबल बिजनेस लीडरशिप, रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन,लंदन (यूके) में मानव संसाधन कार्यों के आधुनिकीकरण और एएससीआई, हैदराबाद में विभिन्न नेतृत्व और प्रबंधन कार्यक्रमों जैसे विभिन्न उन्नत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अनुभव है।

एसजेवीएनएल में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कई एचआर पहलों का कार्यान्वियन किया जिनमें पूरे संगठन में एसएपी ईआरपी आधारित एचआर मॉड्यूल का कार्यान्वियन, रणनीतिक इंटरवेंशन के रूप में बैलेंस स्कोर कार्ड का कार्यान्वियन, विभिन्न एल एंड डी इंटरवेंशन के माध्यम से पूरे संगठन के लिए कर्मचारी विकास को संचालित करना और संगठन के मीडिया आउटरीच को बढ़ाना शामिल है।

कंपनी के विकास में उनके अनुकरणीय योगदान के मान्यतास्वरूप श्री शैलेंद्र सिंह को प्रतिष्ठित 'एसजेवीएन स्टार अवार्ड 2019' और 'अवार्ड ऑफ ऑनर 2022' से सम्मानित किया गया।

# निगम के नए निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेन्द्र गुप्ता



श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने 09 जून, 2023 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार ग्रहण किया। उनका चयन लोक उद्यम चयन बोर्ड, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया है। इससे पूर्व श्री गुप्ता भूटान में पुनातसांग्चू जलविद्युत परियोजना प्राधिकरण में निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत थे।

इससे पहले, आप आरईसी की दो सहायक कम्पनियों अर्थात आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड और आरईसी पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड में परिचालन प्रमुख के रूप में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। आरईसी में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री गुप्ता को विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के निष्पादन, परियोजना प्रबंधन, संविदा प्रबंधन और परामर्श का उत्तरदायित्व सौंपा गया। श्री गुप्ता के पास लगभग 32 वर्षों का समृद्ध और विशाल कार्यानुभव है, जिसमें से लगभग 29 वर्ष उन्होंने विद्युत क्षेत्र में काम किया है, जिसमें ट्रांसमिशन/वितरण परियोजनाओं के साथ–साथ कई बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के नियोजन/डिजाइन/निष्पादन/संविदा और परियोजना प्रबंधन तथा ओ.एंड.एम. संबंधित कार्य का श्री गुप्ता के पास वैभवशाली अनुभव है ।

श्री गुप्ता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और ऑपरेशन मैनेजमेंट में एमबीए हैं। आरईसी लिमिटेड में 2007 में कार्यभार संभालने से पूर्व श्री गुप्ता ने सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड में विभिन्न पदों पर 12 वर्षों तक कार्य किया, जहां पर उन्होंने भारत में अब तक की सबसे बड़ी प्रचालनाधीन जलविद्युत परियोजना 1500 मेगावाट के नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर प्लांट के इलेक्ट्रो–मैकेनिकल उपकरणों की योजना, निर्माण, कमीशनिंग के कार्य में प्रमुख भूमिका निभाते हुए अपना योगदान दिया। उन्होंने भूटान में पहले भी लगभग 3 वर्षों (2002 से 2005 तक) तक 1020 मे.वा. के ताला हाइड्रो इलेक्ट्रिक पॉवर प्रोजेक्ट में प्रतिनियुक्ति पर रहकर कार्य किया है।

# Senior Men & Women Inter State Canoe Sprint Championship-2023 co-sponsored by THDCIL



Senior Men & Women Inter State Canoe Sprint Championship-2023 organised at Pili Dam, Afzalgarh, District Bijnor, Uttar Pradesh from 7th to 9th May 2023 by District Administration Bijnor with the support of Indian Kayaking and Canoeing Association co-sponsored by THDC India Limited. Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director graced the occasion as Chief Guest on the final day of championship and congratulated the winner's of the event in the presence of DM Bijnor, Sh. Umesh Mishra (IAS), SP Bijnor, Sh. Neeraj Kumar Jadaun (IPS), CDO Bijnor, Sh. Purna Borah (IAS), Indian Kayaking and Canoeing President Sh. Prashant Kushwaha and other senior officials of Bijnor Administration, Indian Kayaking and Canoeing Association and THDC India Limited. Sh.Vishnoi while interacting with participants and the public stated that organizing this state championship at Pili Dam in Bijnor is an excellent way to promote the dam as a tourist destination. This event has attracted participants and spectators across the nation, and it will help to showcase the natural beauty and potential of the area. Additionally, events like this also provide a unique opportunity for adventure enthusiasts to explore the dam's serene waters and surrounding landscapes.





# Re-visiting Mission, Vision, Values and Goals of THDCIL





*Glimpses during the workshop*

To ignite a renewed sense of purpose and with intent to realign the Vision, Mission, Values and goals of THDC India Limited and to evolve new Shared Vision that inspires and guide us as we progress towards our goals, THDC India Limited organized workshops in different sessions starting from 16 June 2023 to revisit & revise the Vision, Mission and Values of the organization.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director inaugurated the workshop in the esteemed presence of Sh. J. Behera, Director (Finance) and Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel).

The workshop saw enthusiastic participation from our Executive Directors, Chief General Managers, and other senior officials, both in person and virtually. This blended approach allowed THDCIL to create a truly inclusive and engaging environment. The session was convened by Sh. Saptarshi Roy, HR-Consultant, THDCIL and Dr. Ajit Pathak, Communication Consultant, THDCIL.

During the inauguration ceremony, Sh. R. K. Vishnoi, in his address, highlighted the paramount importance of aligning our collective aspirations and actions with a Shared Vision. He emphasized the significance of our vision and mission in guiding and inspiring us as we progress towards our organizational goals.

The subsequent sessions of the workshop was enthusiastically attended by all the young executives and winners of award and reward scheme of THDCIL posted at Corporate Office Rishikesh and at all the project and unit offices of THDCIL.

Speaking on the occasion Sh. R. K. Vishnoi informed that the workshop would serve as an opportunity to revisit and revise our Vision, Mission, and Values, igniting a renewed sense of purpose within THDCIL. By re-evaluating and realigning these essential elements, we aim to reinforce our commitment to excellence and make a positive impact in our industry and society.

Sh. Vishnoi further stated that we eagerly look forward to implementing the outcomes of this workshop, incorporating our new shared Vision, Mission, and Values into our daily operations. These guiding principles will serve as a compass, ensuring that we remain focused, driven, and united in our pursuit of ambitious organizational objectives.

◆◆◆

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2023

**21 जून, 2023 को कॉरपोरेशन के कॉरपोरेट कार्यालय सहित सभी परियोजना कार्यालयों व यूनिटों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।**

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2023 की कुछ झलकियां

### ऋषिकेश










कॉरपोरेट कार्यालय में श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त) व श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर योग दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर निगम के सभी कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया।

### कौशाम्बी





एनसीआर, कार्यालय कौशाम्बी में श्री भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक(तकनीकी) द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर योगाभ्यास कर सभी कर्मचारियों को दैनिक जीवन में योग अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।



दयालु शब्द बोलने में छोटे और आसान हो सकते हैं, लेकिन उनकी गूँज वास्तव में अनंत है। –मदर टेरेसा

## टिहरी



## खुर्जा



## कोटेश्वर




## देहरादून




## ट्रेडको लिमिटेड



# Inauguration of Suggestion Mela-2023

## Rishikesh

Sh. J. Behera, Director (Finance) THDC India Limited inaugurated the Suggestion Mela-2023 at Corporate Office, Rishikesh on 27th April 2023. Many senior officers of the organization participated in the suggestion Mela and gave their valuable suggestions through HRMS.



*Sh. J. Behera, Director(Finance) inaugurating Suggestion Mela-2023*

### Some Glimpses of the Inauguration of Suggestion Mela-2023 at Rishikesh






## Khurja




*Sh. Kumar Sharad, Executive Director (KSTPP) giving his valuable suggestions through online portal of HRMS.*

## Amelia



*Sh. A. K. Sharma, CGM (Project) giving his suggestions during the Suggestion Mela-2023*

# 26वीं अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों की कैरम प्रतियोगिता का सफल आयोजन




प्रतिभागियों को संबोधित करते श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त)

कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 24 से 28 जून, 2023 को पॉवर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 26वीं अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों की कैरम प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त) ने पॉवर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का ध्वज फहराया तथा प्रतियोगिता के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) भी उपस्थित रहे।

इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में पावर सेक्टर की पुरूषों की 11 टीमें और महिलाओं की 08 टीमें शामिल हुई जिनमें विद्युत मंत्रालय (एमओपी), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी), नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी), ग्रिड इंडिया, सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल), नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (नीपको), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरईसी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) और मेजबान टीम टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) शामिल रहीं।

श्री ए.बी. गोयल, कार्यपालक निदेशक (वित्त) इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री गोयल ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और समापन की विधिवत घोषणा की व साथ ही विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत भी किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त), श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) और श्री वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) की उपस्थिति में पॉवर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का ध्वज फहराते हुए



श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त) प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए



श्री ए. बी. गोयल, कार्यपालक निदेशक (वित्त) प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित  करते हुए




समापन समारोह का दृश्य



कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी टीमों का दृश्य

# निदेशक (कार्मिक) द्वारा टिहरी परियोजना का दौरा





टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक(कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा 17 जून 2023 को टिहरी बाँध परियोजना का दौरा किया गया। इस अवसर पर श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), डॉ ए. एन. त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा.) एवं टीएचडीसी की विभिन्न यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी के साथ निदेशक (कार्मिक) का स्वागत किया गया।

